दिनांक: 13.11.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- अंता विधानसभा सीट के उपचुनाव की मतगणना कल सुबह 8 बजे से होगी।
- विकसित भारत रोजगार योजना में देशभर में साढ़े 55 हज़ार से ज्यादा संस्थानों और 38 लाख 84 हज़ार युवाओं का पंजीकरण।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिल्ली में आवासन और शहरी कार्यमंत्री तथा जलशक्ति मंत्री से मुलाकात कर राजस्थान से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।
- छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कारों के तहत राजस्थान ने चार पुरस्कार हासिल किये।

000

बारां जिले के अंता विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए 11 नवम्बर को पड़े वोटों की गिनती कल की जाएगी। मतगणना बारां के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में होगी। सुबह 8 बजे से शुरू होने वाली मतगणना में सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती की जाएगी। और ब्यौरा दे रहे हैं, हमारे बारां संवाददाता –

..................

000

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत कर्मचारी नामांकन अभियान में देशभर में कुल साढ़े 55 हजार से ज्यादा संस्थान पंजीकृत हुए हैं। वहीं 38 लाख 84 हजार लोगों ने पंजीकरण करवाया है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन–ईपीएफओ के राजस्थान अंचल के प्रभारी और अपर केंद्रीय आयुक्त अजीत कुमार ने बताया कि राजस्थान में योजना के तहत लगभग पौने छह हजार संस्थानों ने पंजीकरण करवाया है। इसके साथ ही 1 लाख 33 हजार सदस्यों ने पंजीकरण करवाया है। अजीत कुमार ने बताया कि इस 1 अगस्त से शुरू की गयी प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना का मुख्य उद्देश्य रोजगार सृजन को बढ़ावा देना और कामगारों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने योजना की और जानकारी साझा की।

..................

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 नवम्बर को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 128वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 28 नवम्बर तक स्वीकार किए जाएंगे।

000

प्रदेश में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के सिलसिले में विभिन्न स्थानों पर आज एकता दौड़ का आयोजन हुआ। कोटा के सांगोद कस्बे में यूनिटी मार्च निकाला गया। ये मार्च गांधी चौराहे से शुरू होकर शहीद हेमराज मीणा स्मारक पर सम्पन्न हुआ। इससे पहले छोटा फील्ड सांगोद में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 28 करोड़ 74 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान श्री बिरला ने कहा कि लौह पुरुष सरदार पटेल ने देश की रियासतों को एक कर भारत के नवनिर्माण में योगदान दिया था। उन्होंने बताया कि कोटा–बूंदी क्षेत्र में विकास कार्यों में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बिजली और सड़क नेटवर्किंग का काम तेज गति से हुआ है।

..................

डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा में भव्य यूनिटी मार्च का आयोजन हुआ। नगरपालिका से निकला यूनिटी मार्च शहर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरा। यूनिटी मार्च में विधायक शंकरलाल डेचा, पूर्व सांसद कनकमल कटारा, विभिन्न जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम लोग शामिल हुए।

000

सवाईमाधोपुर जिले में भगवान बिरसा मुंडा की डेढ़ सौ वीं जयंती के उपलक्ष में लगातार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। आज स्वायत्त शासन विभाग की ओर से शहर के प्रमुख चौराहों, भवनों और पार्कों को सजाया गया है।

वहीं पार्क, सड़कों पर मार्गों के नाम भगवान बिरसा मुंडा तथा अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर रखने पर विमर्श किया जा रहा है। सिरोही जिले में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों

के माध्यम से ढाई हजार से ज्यादा लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मुफ्त दिया गया।

000

राष्ट्र गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर, राज्य में आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज महिला और बाल विकास विभाग के तहत प्रदेश की 63 हजार आँगनबाड़ियों में नन्हें–मुन्नों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन किया। निदेशक, आईसीडीएस वासुदेव मालावत ने बताया कि वंदे मातरम् के गायन से राष्ट्र के स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया गया। इसी तरह बालोतरा और जालौर जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में स्वदेशी अपनाने के संकल्प के साथ वंदे मातरम् का सामूहिक गायन हुआ।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज दिल्ली में विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों और वरिष्ठ भाजपा नेताओं से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने ऊर्जा, आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भेंट की। श्री खट्टर के साथ आयोजित बैठक में जयपुर में मेट्रो फेज–2 की मंजूरी, विद्युत क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़े मुद्दों तथा ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर के अंतर्गत प्रदेश में ट्रांसमिशन तंत्र के सुदृढ़ीकरण और विस्तार पर सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटील से भी भेंट की तथा राजस्थान के जल संसाधन विभाग से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

000

छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कारों के तहत राजस्थान ने चार पुरस्कार हासिल किये हैं। पश्चिम क्षेत्र में सीकर के बजरंग लाल जेठू ने जल क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति का पहला पुरस्कार प्राप्त किया है। श्री जेठू वर्ष 1993 से जल संरक्षण और प्रबंधन के क्षेत्र में लगातार सक्रिय हैं। वहीं, श्रीगंगानगर के खरलां जल उपभोक्ता संगम ने सर्वश्रेष्ठ जल उपयोगकर्ता संघ श्रेणी में तीसरा पुरस्कार हासिल किया है। इस संघ के कार्यों के माध्यम से आमजन में जल के महत्व के प्रति जागरुकता आई है।

इसके अलावा बिरला प्रौद्योगिकी और विज्ञान संस्थान, पिलानी ने स्कूल और कॉलेज के अलावा सर्वश्रेष्ठ संस्थान की इनसाइड कैंपस उपश्रेणी में दूसरा और अंबुजा फाउण्डेशन, जयपुर ने सर्वश्रेष्ठ नागरिक समाज श्रेणी में दूसरा पुरस्कार प्राप्त किया है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विजेताओं को बधाई दी है और कहा है कि प्रदेश की जल संरक्षण और इसके संचयन के क्षेत्र में नई पहचान बन रही है।

000

उपमुख्यमंत्री तथा पर्यटन और कला और संस्कृति मंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि राजस्थान की पहचान उसकी रंग—बिरंगी संस्कृति, समृद्ध परंपराओं और जीवंत लोकनृत्यों तथा लोक भावनाओं में बसती है। आज जयपुर में घूमर फेस्टीवल—2025 के पोस्टर विमोचन समारोह के अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कला, संस्कृति और पर्यटन विभाग के माध्यम से पहली बार घूमर फेस्टिवल का आयोजन 19 नवम्बर को किया जा रहा है।
दिया कुमारी ने बताया कि राज्यस्तरीय मुख्य आयोजन विद्याधर नगर स्टेडियम, जयपुर के फुटबॉल ग्राउंड पर आयोजित होगा।

..................

000

पाली में स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिला कलेक्टर एल.एन. मंत्री ने नवाचार किया है। जिला कलेक्टर की पहल पर रामसेतु की गिलहरी नाम से नया अभियान शुरू किया गया है। सुमेरपुर विकास अधिकारी प्रमोद दवे ने बताया कि अभियान के तहत विशेष रूप से प्लास्टिक कचरे को इकट्ठा करने पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा।

..................

000